
## सार-समाचार

### पुलिस ने काटे चालान



**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले भर में शुरू हुए हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत पुलिस ने बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वालों के चालान काटे तो चालकों में हड़कंप मच गया और इधर-उधर गलियों में छुपते छुपाते अपने मुकाम तक पहुंचे। प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों कि जा रही जान को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार और पुलिस विभाग हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान चलाया गया है इसी कड़ी में रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में सड़कों पर बिना हेलमेट लगाए मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों के विरुद्ध चालान कि कार्यवाही कि गई इस दौरान मोटरसाइकिल चालक हाईवे कि सड़कों पर डरते सहमे से निकले इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोक कर चालान काट दिया। वहीं अधिकतर मोटरसाइकिल चालक शहर में गलियों में छुपते छुपाते अपने मुकाम तक पहुंचे हालांकि लोगों में पुलिस के प्रतिवाद नजर आ रहा था और हाईवे कि सड़क पर अधिकतर मोटरसाइकिल चालक हेलमेट का प्रयोग करते नजर आए हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के प्रति गंभीर करौली पुलिस अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार,महिला थाना अधिकारी,करौली यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद,सहित पुलिस के जवान अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### पांचना बांध में किया मूर्ति का विसर्जन

**करौली, (निसं)।** श्री गणेश भक्त मंडल एवं समस्त ठााम वासी बलियानपुरा की ओर से विगत 7 सितंबर को गांव के बालाजी मंदिर परिसर में द्वितीय गणेश उत्सव गणेश चतुर्थी की उपलक्ष में आयोजित किया गया इस दौरान भगवान गणेश कि मूर्ति की स्थापना की गई धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनाने के बाद प्रतिदिन प्रातः साय, भगवान गणेश कि सामूहिक रूप से ठाामीणों द्वारा आरती किए जाने के साथ में 11 सितंबर को श्री गणेश भगवान का जागरण भी धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को श्री गणेश भक्त मंडल बालियान का पुरा एवं ग्रामवासी 25 किलोमीटर पैदल चलकर बड़ा पांचना पुल श्री गणेश भगवान कि विसर्जन यात्रा में पहुंचे और श्री गणेश भगवान की मूर्ति का विसर्जन विधि विधान के द्वारा किया गया विसर्जन यात्रा बलियानपुरा से चलकर महू, सांकरा, ससेड़ी मोड, नवीन अस्पताल, शिकारगंज होते हुए पांचना पुल पहुंची। इस बीच भक्तजन गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ नाचते कूदते मूर्ति विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। रामसिंह ने बताया कि श्री गणपति भक्त मंडल बालियान पुरा एवं ठााम वासियों की ओर से द्वितीय गणेश उत्सव गांव के बालाजी मंदिर में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें 11 सितंबर को गणपति जागरण का आयोजन भी किया गया जिसमें सपोटरा विधायक हंसराज बालोती ने शिरकत की।उसके बाद रविवार को बड़े धूमधाम से बालाजी मंदिर से गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा गणेश जी भगवान की जयकारो और गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ पूरा डांग क्षेत्र करौली के पांचना पुल तक रास्ता पूरी तरह धर्ममय हो गया। इस दौरान संजीव, चरणसिंह, नरेश, हंसराज, रवि,जलसिंह ,पिंटू ,मुकेश, बलराम ,मीठ, सिंभू, मनीष ,रामेश्वर, रोशन, गहलोत, रामू ,विष्णु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### डॉ. रतनप्पा जयन्ती मनाई

**करौली, (निसं)।** दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के तत्वाधान में तीन बड़ कार्यालय करौली पर डॉ रतनप्पा कुम्हार की जयन्ति संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार कि अध्यक्षता में हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्व प्रथम डॉ रतनप्पा के चित्र पटल पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उपस्थित लोगो ने पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला संविधान निर्मात्री सभा कोर कमेटी के सदस्य रहे हैं उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई,देश की आजादी में उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया,।छीतर लाल प्रजापति संयोजक एवं गंगाराम प्रजापत सचिव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ रतनप्पा का जन्म 15 सितंबर 1909 को महाराष्ट्र के नामसिर गांव में हुआ नागपुर के राजाराम कॉलेज से स्नातक स्तर की शिक्षा ठाहण की, और देश की स्वतंत्रता तथा संविधान निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई,हमे उनके आदर्शो पर चल कर समाज एवं देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है उन्होने बताया कि आगामी 13 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह ढिढौरा( सूरोठ) करौली में होगा। बैठक में रामेश्वर ठेकेदार,छीतर लाल प्रजापति, गंगाराम प्रजापत, रामरूप प्रजापत डायरेक्टर,किस्तूर चंद प्रजापति, रमेश अध्यापक,कमलेश प्रजापत,अशोक प्रजापत,जोनू प्रजापत, दर्शन प्रजापत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले तीन गिरफ्तार

**कामां (निस)।** जुरहरा रोड स्थित अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा को सात दिन पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि 2.26 बजें खंडित किए जाने को लेकर समाज के लोगों का सात दिवस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना चल रहा था। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर चार दिन बाद आमरण अनशन शुरू करते हुए एक युवक राजेश कुमार जाटव ने आमरण अनशन की घोषणा करते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया जिसके बाद दो महिलाओं ने भी आमरण अनशन पर बैठने का फैसला ले लिया व घटना के सातवें दिन तीन लोगों ने भी आमरण अनशन की घोषणा करते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया।

लगातार आमरण अनशन पर बैठने वाले लोगों की संख्या में दिन प्रतिदिन मुनाफा होने लग गया। पूर्व पार्षद चंदन सिंह जाटव आमरण अनशन पर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैठे थे। एएसपी राजेश मीणा ने मूर्ति कांड का खुलासा करते हुए बताया कि आईजी राहुल प्रकाश शर्मा के निर्देशन में 10 टीमें गठित की गई। कस्बे में लगें सभी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को चिन्हित किया गया। जिस पर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए तीन आरोपी आकाश(22) साल जाति गुर्जर निवासी कलावटा व गौरव पुत्र अरूण देव आर्य जाति पंजाबी (20) निवासी सूरजबाग कॉलोनी कामां व सागर पंजाबी (19) निवासी फरीदाबाद




पुलिस ने अंबेडकर की मूर्ति को खंडित करने वाले आरपियों को गिरफ्तार किया।

हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया है, साथ ही अनुसंधान जारी है। संविधान निर्माता बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित करने में अहम भूमिका सागर पंजाबी पुत्र सोमनाथ पंजाबी की सामने आई है जो सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड है। राहुल प्रकाश महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेन्ज भरतपुर एवं राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक डीग द्वारा कामां कस्बा में बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति को क्षितठास्त करने की घटना को अतिसंवेदनशील माना जाकर निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग सतीश यादव व वृताधिकारी कामां धर्मराज चौधरी के सुपरवीजन में 9 सितम्बर को बाबा साहब आम्बेडकर की मूर्ति को रात्रि को अंधेरा का फायदा उठाकर क्षितठास्त करने वाले बदमाशों की पहचान हेतु जिला स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। डीएसटी को भी घटना के खुलासे एवं साक्ष्य संकलित के लिये ताकीद किया गया। विभिन्न पुलिस टीम के द्वारा कामां कस्बा में एवं कस्बा के आने जाने वाले रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को सूक्ष्मता से चैक कर खंगाला गया एवं सीसीटीवी फुटेज का परस्पर समयानुसार तारतम्य बैठाकर घटना में लिप्त बदमाशों की पहचान की गई एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किये गये। कामा थाना क्षेत्र के लगभग 200 से अधिक बदमाशान को तलाश कर घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। पुलिस द्वारा संकलित सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं आसूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि घटना में कामां कस्बा का निवासी गौरव पुत्र अरूण देव आर्य जाति पंजाबी लिप्त है जिससे अनुसंधान करने पर ज्ञात हुआ कि सागर पंजाबी पुत्र सोमनाथ पंजाबी निवासी फरीदाबाद व गोरव पंजाबी पुत्र अरुण देव पंजाबी व आकाश पुत्र पुरूषोत्तम जाति गुर्जर निवासी कलावटा निवासी पुलिस थाना कामां जिला डीग भी शामिल है एवं बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति को क्षितठास्त करने की व्यूह रचना की गई है। गौरव द्वारा अपने मित्र सागर निवासी फरीदाबाद हरियाणा एवं अन्य मित्र को 8 सितम्बर को बुलाया जाकर रात्रि को लगभग 2.30 बजे पर रात का अवसर देख बाबा साहब की मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी।

# आवारा साडों ने मचाया आतंक मेडिकल स्टोर में घुसकर की तोड़फोड़

**करौली, (निसं)।**करौली जिला मुख्यालय पर इन दिनो गोवंश,आवारा साडो का आतंक चरम सीमा पर पहुंच गया है जिसके चलते कई लोग अपने हाथ पांव तुडवा बैठे हैं तो कई लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं लेकिन जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

करौली जिला प्रशासन की अनदेखी और नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही के चलते आज लोग अपने हालातो पर जीने को मजबूर हो रहे हैं सड़क पर पैदल चलते या दो पहिया वाहन पर सवार होकर चलने के दौरान पल-पल पर खतरा बना रहता है करौली शहर की गुलाब बाग से हिंडौन गेट रोड,पुरानी सब्जी मंडी,अनाज मंडी,बड़ा बाजार, हटव ाडा बाजार, भूडारा बाजार, ट्रक यूनियन, रोडवेज बस स्टैंड रोड आदि पर आवारा गोवंश और साडो का इतना आतंक है कि लोग डरे और सहमे से नजर आते हैं साडो के आतंक के चलते अब तक कई बार लोग अपनी जान गवा चुके हैं तो दर्जनों लोग अपने हाथ पैर तुडवा कर अस्पताल में उपचार ले चुके हैं लेकिन इस मामले में नगर परिषद प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है जिसके चलते लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है रविवार को दोपहर अस्पताल के सामने



करौली अस्पताल रोड स्थित मेडिकल स्टोर मे साडों ने घुसकर तोड़फोड़ की।

लगे कचरे के ढेर पर मुंह मारते समय आवारा सांड आपस में लड़ पड़े इस दौरान सड़क मार्ग पर भगदड़ सी मच गई और फल फ्रूट विक्रेता अपने ठेलो को छोड़कर भाग गए इस दौरान साड लड़ते-लड़ते सामने ही संचालित मनोज मेडिकल स्टोर का काउंटर तोड़ते हुए दुकान में अंदर घुस गए इस दौरान उन्होंने दुकान में दवा गोली आदि को नुकसान पहुंचाते हुए बिल बनाने के लिए लगे कंप्यूटर, प्रिंटर, कूलर आदि को भी तोड़फोड़ दिया इस दौरान दुकान के पास उनकी वृद्ध मां कटोरी देवी भी खड़ी थी साडो ने उन सहित एक अन्य महिला को अपनी चपेट में ले लिया और घायल कर दिया जिनका करौली के सामान्य चिकित्सालय में उपचार कराया गया करौली शहर के लोगों ने बताया कि प्रातः से लेकर देर रात तक आवारा साडो का जबरदस्त आतंक रहता है स्कूल आने जाने वाली बालिकाओं,महिलाओं और छोटे बच्चों सहित वृद्ध लोगों को डर के साए में जीवन जीना पड़ रहा है करौली शहर के प्रमुख लोगों ने नगर परिषद और जिला प्रशासन से इन साडो को पकड़ने की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** कस्बा महू के नरसिम्हा पब्लिक स्कूल में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा ने सभी खिलाड़ियों से खेलों के मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला और खेलों को मानव के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए जरूरी बताया।इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव सिंह सोलंकी, राजेश मीणा प्रधानाचार्य व पर्यवेक्षक, दयाल सिंह सोलंकी कोऑर्डिनेटर एवं प्रधानाचार्य खीप का पूरा, कमलेश शुक्ला, रामशरण गुर्जर, श्रीनिवास, जाट महासभा के युवा अध्यक्ष योगेश चन्द्र शास्त्री, जाट महासभा के युवा जिला अध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली, सीताराम सोलंकी, खेल प्रभारी मुकेश शर्मा, ब्लॉक खेलकूद प्रभारी श्रीनिवास शर्मा, सेवानिवृत्ति व्याख्याता शशिकांत शर्मा, रामभरोसी सोलंकी, गोपाल सहाय शर्मा वैद्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगपाल सोलंकी, रामलाल पीटीआई संरक्षक नरसिम्हा पब्लिक स्कूल, राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सोलंकी एकोरासी आदि अतिथियों का आयोजनकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

### हादसे में 3 महिला सहित सात घायल

**नदबई, (निस)।** नदबई लुहासा बाईपास चौराहें समीप अचानक असंतुलित होकर दो गाडियों की भिड़न्त होने के चलते तीन महिला सहित सात जनें घायल हो गए। घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय सहित अलग-अलग चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते तीन महिला सहित पांच जनों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। विभागीय सूत्रों की मानें तो नदबई क्षेत्र के गांव खेडिया जगा निवासी कुन्दन जाटव पुत्र हरिया जाटव अपने पुत्र जयसिंह व मनोज की शादी पक्का करने के लिए परिजनों के साथ कठूमर गोद भराई करने जा रहा था। इसी दौरान नदबई लुहासा बाईपास पर दूसरी गाडी की भिड़न्त से हादसा हो गया। जिसमें कुन्दन जाटव सहित पप्पी जाटव पुत्र गजेन्द्र जाटव, जयसिंह पुत्र कुंदन जाटव, राजभारती पत्नी मनीष जाटव, हरिया जाटव पुत्र रेखा जाटव सहित दूसरी गाडी में सवार अंजना सिंह पत्नी सहाब सिंह व नेहा पत्नी अनुभव प्रताप सिंह घायल हो गए। समीपवर्ती लोगों ने घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय सहित अलग-अलग निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार करते हुए उपजिला चिकित्सालय से कुन्दन जाटव, पप्पी जाटव व हरिया जाटव एवं निजी चिकित्सालय से अंजना सिंह व नेहा को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**करौली, (निसं)।** श्रीगुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जिला शाखा करौली का रविवार को जिला मुख्यालय स्थित शिव अशोका मैरिज गार्डन में जिला अधिवेशन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं, नव चयनित राज्य कर्मचारी और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज प्रगति विवरणिका का भी विमोचन किया गया। समाज जिलाध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा रही।जयपुर सांसद ने इस दौरान कहा कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ समाज और संगठन मजबूत होता हैसाथ ही जागरूकता आती है। उन्होंने समाज और संगठन को मजबूत करने तथा समाज हित में कार्य करने का संदेश दिया। सांसद ने कहा कि समाज के बच्चों को पढ़ लिख कर समाज हित में काम करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कुरीतियों को त्यागने का भी संदेश दिया। अधिवेशन में समाज की विभिन्न गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** क्षेत्र के मुकंदपुरा में जगर नदी में रविवार को डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस टीम ने रेस्क्यू चलाकर लापता किशोर की तलाश शुरू की। सदर थाना के एएसआई गोटेलाल ने बताया कि गम्भीर नदी में डूबने से मुकंदपुरा निवासी इशांत जाट(16) पुत्र कृष्णा जाट है। घटना करीब 1.30 बजे की है। जिसकी सूचना पर सदर थाना के एएसआई गोटेलाल जाब्ते के साथ मौके पर पहुंच गए।नदी में डूबे किशोर की तलाश के लिए सिविल डिफेंस टीम द्वारा रेस्क्यू चलाया गया।बताया गया कि लगातार बारिश के कारण मुकंदपुरा की सूखी नदी में पानी की आवक होने से जलस्तर काफी बढ़ गया है।किशोर हिंडौन के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12 वीं का स्टूडेंट है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है।सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिविल डिफेंस टीम के सदस्य जयदेव, फरमान, पुष्पेंद्र सैनी, राधेश्याम ,ऋषि ,तरुण दुबे शामिल है।

### चबूतरे के पटाव के लिए किया सहयोग

**करौली, (निसं)।** रणगमा ताल विकास समिति की संरक्षिका श्रीमती बीना गुप्ता एवं रंणगमा ताल विकास समिति की प्रेरणा से प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल के द्वारा 2 लाख 44 हजार रुपए का हनुमान जी मन्दिर के लिए चबूतरे के पटाव के लिए पट्टी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की ट्रस्ट के उनके द्वारा दीपदान उत्सव पर घोषणा की गई थी अब जाकर वह कार्य रणगांव विकास समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी व सत्येन्द्र चतुर्वेदी के सानिध्य में यह कार्य पूरा हुआ है। इस अवसर पर सभी रणगांव विकास समिति के पदाधिकारियों के द्वारा प्रशांत पाल का हार्दिक आभार जताया।

# रक्तदान शिविर व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**भरतपुर, (निस)।** महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वसरैया के जन्मदिवस अवसर पर पूरे देश में मनाये जाने वाले इंजीनियर्स दिवस के अवसर इंजीनियर्स फोरम द्वारा कल राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में मोक्षगुंडम विश्वसरैया पार्क में स्थापित विश्वसरैया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य व केंद्र के अलग-अलग विभागों के अभियंता शामिल होकर अपनी एकता एवं सामाजिक सेवा का परिचय देते हुए ऐसे महान इंजीनियर के उच्च कार्यो एवं आदर्शो को याद किया एवं सभी को आपस में शुभकामनाये दी।

कार्यक्रम में अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि गुप्ता, यूआईटी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं पीएचइडी के अधिशासी अभियंता डीपी शर्मा बहादुर सिंह ब्रजमोहन सिंह अभिषेक मिश्रा सहित सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता हेमराज गोयल सीएम गुप्ता महेशचंद गोयल फोरम के संरक्षक उत्तम सिंह जीवनलाल शर्मा आदि सीनियर अभियन्ताओ ने उपस्थित होकर अपने सभी साथी अभियंताओं का उत्साह वर्धन किया एवं हर परिस्थिति में एक दूसरे को सहयोग करने एवं अपने कार्यों से जिले के विकास को नए आयाम देने हेतु मार्गदर्शित किया। फोरम के अध्यक्ष मनोज पाराशर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभियंताओं का हार्दिक




इंजीनियर्स फोरम भरतपुर के अभियंताओं द्वारा विभागीय कार्यों के साथ-साथ इंजीनियर्स डे के अवसर पर सामाजिक सेवा हेतु रक्तदान शिविर एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

स्वागत किया एवं इसी तरह इंजीनियर फोरम भरतपुर को मजबूती प्रदान करने हेतु आपस में एक दूसरे के सहयोग करने का आ ान किया जिससे की किसी समस्या से केवल एक अभियंता को ही सामना नही करना पडे।

फोरम के सचिव मनीष गुप्ता द्वारा फोरम की इन सभी गतिविधियों के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने एवं फोरम के कार्यो के लिये हर समय सहयोग प्रदान करने के लिये प्राचार्य डॉ रवि गुप्ता का बहुत ही हार्दिक आभार व्यक्त किया। फोरम से जुड़े सभी विभागों के सभी वर्गों के अभियंता केवल विभागीय कार्यो से ही जिले की विकास में भागीदारी नहीं निभा रहे हैं अपितू हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत सी जरूरतमंद जानो को बचाने का कार्य कर अपनी सामाजिक सेवा का परिचय दे रहे हैं। रक्तदान शिविर में धीरज सिंह, लवकुश धाकड,. धवल व्यास, दीपेश चौधरी, दीपक कुमार गोयल, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुर्जर, उदयपाल सिंह, कमल सिंह, अजीत कुमार, योगेश जैन, संजू सिंह, विष्णु फौजदार, पूजा शर्मा, नितिन डागुर, रोहित सिंह, अभिषेक गुप्ता सहित सेवानिवृत्त अभियंता राजेंद्र शर्मा ने भाग लेकर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में इंजीनियर्स फोरम भरतपुर को गौरवान्वित किया।फोरम के सभी अभियंताओं के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए एवं मानसिक तनाव को कम करने के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिला वर्ग की बैडमिंटन एवं चैस प्रतियोगिता में आरती मीणा एवं पूजा शर्मा विजयी रही।

पुरुष वर्ग की चैस प्रतियोगिता में रिंकू अग्रवाल, कैरम में धीरज सिंह टेबल टेनिस में दीपक गोयल एवं बैडमिंटन में अभिषेक गुप्ता विजयी रहे। कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी रहे। सभी अभियंताओं का एवं सभी रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का 19 सितम्बर को प्रेम गार्डन में होने वाले फोरम के छठवें वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## बैठक आयोजित

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** स्थानीय कोतवाली थाना पर आज सीएलजी सदस्यों की बैठक तहसीलदार शिवन्या गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। थानाधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि आज 15 सितंबर रविवार को शाम 5 बजे सीएलजी सदस्यों और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक कोतवाली थाना पर तहसीलदार शिवन्या गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्योहारों पर बनाए रखने के लिए चर्चा की गई। 12 वफात और गणेश विसर्जन यात्रा की तैयारी को लेकर शहर की प्रबुद्ध नागरिकों से चर्चा की गई। तहसीलदार शिवन्या गुप्ता ने कहा कि सबको मिलकर सभी त्योहार सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने चाहिए। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि गणेश विसर्जन यात्रा की सभी झांकियां बयाना रोड स्थित टीका कुंड हनुमान मंदिर से 17 सितंबर को दोपहर 1 बजे रवाना होगी।वक्फ कमेटी के सदर बब्बू भाई शाह ने बताया कि बारा वफात पर शहर में कोई भी सामूहिक कार्यक्रम नहीं होता है,बल्कि सभी लोग व्यक्तिगत इबादत करते हैं। पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने सुझाव देते हुए बताया कि शहर की प्रमुख मस्जिदों में कमेटियों की ओर से शीघ्र ही सी सी टी वी कैमरा लगवाए जाएंगे।आज की बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान की प्रशंसा की गई। आज की बैठक में एन आर आई परिषद सदस्य चेतन शर्मा, सराफा व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र खरेटा, मोहनलाल गोयल सिनेमा वाले, हरदेव जी मंदिर के महंत कैलाश गोस्वामी, डंप रोड हनुमान जी मंदिर के महंत ओम प्रकाश शर्मा, लखन शर्मा आदि ने शहर में और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुझाव दिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया।

**रुदावल, (निस)।** रुदावल थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया है।

रुदावल थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी भरतपुर राहुल प्रकाश एवं एसपी भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी के निकट पर्यवेक्षक व पुलिस उपाधीक्षक श्वेता पाठक ने दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना बृजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस थाना रुदावल पर एक करीब 12 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा दुष्कर्म की घटना घटित

**■ आरोपी निकला हॉस्टल का चौकीदार**

होने के संबंध में पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और फॉरेंसिक टीम एवं एमआईयू द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित किए गए। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चौक किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना रुदावल, रूपबास, गढ़ी बाजना एवं सीओ रूपवास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना के नेतृत्व में पांच टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में तत्परता दिखाते हुए आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ राहुल जाट निवासी नगला बीजा को गिरफ्तार किया है।

एएसपी भाटी ने बताया कि एक महिला ने शनिवार को रुदावल थाने पर रिपोर्ट दी थी कि मेरी नाबालिग बच्ची के साथ किसी ने दुष्कर्म किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए 5 टीमों का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हॉस्टल का चौकीदार है। बारिश होने के कारण नाबालिग की झोपडी में पानी भर गया था। जिसके बाद नाबालिग का परिवार हॉस्टल के एक कमरे में शरण लेकर रह रहा था। छुट्टी होने के कारण हॉस्टल में सिर्फ एक छात्र था। जिसे चौकीदार पुष्पेंद्र निवासी नगला बीजा ने किसी काम से बाहर भेज दिया और कमरे में ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म किया।